School.....

अर्द्धवार्षिक परीक्षा – 2026-27

कक्षा: VIII | विषय: सामाजिक विज्ञान (NCERT/RBSE)

समय: 2 घंटे | अधिकतम अंक: 50

भाग–A — वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Q.1–Q.8) [1×8 = 8]

Q.1 1765 में बंगाल की दीवानी मिलने के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी को क्या अधिकार प्राप्त हुआ?
(a) केवल व्यापार करने का अधिकार
(b) सेना समाप्त करने का अधिकार
(c) राजस्व वसूलने का अधिकार
(d) न्यायपालिका समाप्त करने का अधिकार

Q.2 स्थायी बंदोबस्त (Permanent Settlement) किससे संबंधित था?
(a) भूमि राजस्व व्यवस्था
(b) शिक्षा व्यवस्था
(c) वन संरक्षण
(d) न्याय व्यवस्था

Q.3 निम्न में से कौन-सा जैविक संसाधन है?
(a) लोहा
(b) चट्टान
(c) पानी
(d) वनस्पति

Q.4 तीव्र ढाल वाले क्षेत्रों में मृदा अपरदन को रोकने के लिए कौन-सी विधि उपयोगी है?
(a) वनों की कटाई
(b) सीढ़ीदार कृषि
(c) अत्यधिक चराई
(d) झूम खेती बढ़ाना

Q.5 भारत को धर्मनिरपेक्ष राज्य क्यों कहा जाता है?
(a) क्योंकि सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार किया जाता है
(b) क्योंकि केवल एक धर्म को मान्यता है
(c) क्योंकि धर्म पर पूर्ण प्रतिबंध है
(d) क्योंकि केवल बहुसंख्यक धर्म को अधिकार हैं

Q.6 संसद का प्रमुख कार्य क्या है?
(a) केवल चुनाव कराना
(b) केवल न्याय देना
(c) कानून बनाना
(d) केवल कर वसूलना

Q.7 भारत में सर्वोच्च न्यायालय किसका प्रमुख अंग है?
(a) स्थानीय शासन
(b) न्यायपालिका
(c) विधायिका
(d) कार्यपालिका

Q.8 निम्न में से कौन-सी सार्वजनिक सुविधा है?
(a) निजी मोबाइल फोन
(b) निजी कार
(c) निजी मकान
(d) स्वच्छ पेयजल

भाग–B — अति लघु उत्तर (Q.9–Q.14) [6×2 = 12]

Q.9 जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले कोई दो प्रमुख कारक लिखिए। (2)

Q.10 रिक्त स्थान भरिए: (2)
(i) जिन वस्तुओं का उपयोग मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए करता है, उन्हें _____ कहा जाता है।
(ii) सभी धर्मों को समान सम्मान देने की नीति को _____ कहा जाता है।

© 2026 www.apnigovt.com

Q.11 मिलान कीजिए: (2)

A	B
(a) स्थायी बंदोबस्त	(1) कानून निर्माण
(b) मृदा संरक्षण	(2) स्वच्छ पेयजल
(c) संसद	(3) भूमि राजस्व व्यवस्था
(d) सार्वजनिक सुविधा	(4) मिट्टी का संरक्षण

Q.12 सही (✓) / गलत (✗) लिखिए: (2)
(i) संसाधनों का वितरण पूरी दुनिया में समान है।
(ii) भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है।
(iii) न्यायपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में कोई भूमिका नहीं निभाती।
(iv) ईस्ट इंडिया कंपनी ने धीरे-धीरे अपने राजनीतिक नियंत्रण का विस्तार किया।

Q.13 मृदा संरक्षण के कोई दो उपाय लिखिए। (2)

Q.14 धर्मनिरपेक्षता से क्या आशय है? (2)

भाग–C — लघु उत्तर (Q.15–Q.19) [5×3 = 15]

Q.15 ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारतीय राज्यों पर अपना नियंत्रण बढ़ाने के लिए किन प्रमुख उपायों का प्रयोग किया? (3)

Q.16 भूमि उपयोग को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों को समझाइए। (3)

Q.17 भारतीय संविधान की कोई तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। (3)

Q.18 उद्योगों की स्थापना के स्थान को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों को समझाइए। (3)

Q.19 संसद में निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका को समझाइए। (3)

भाग–D — दीर्घ उत्तर (Q.20–Q.21) [2×5 = 10]

Q.20 1857 के विद्रोह के प्रमुख कारणों का विस्तार से वर्णन कीजिए।
अथवा
ब्रिटिश भू-राजस्व नीतियों का भारतीय किसानों पर क्या प्रभाव पड़ा? (5)

Q.21 जल संरक्षण की आवश्यकता तथा जल संरक्षण के प्रमुख उपायों का वर्णन कीजिए।
अथवा
भारतीय न्यायपालिका की स्वतंत्रता क्यों आवश्यक है? समझाइए। (5)

भाग–E — मानचित्र कार्य (Q.22) [5 अंक]

Q.22 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को चिन्हित कीजिए: (5)
1. उतरप्रदेश 2. दिल्ली 3. कानपुर 4. लखनऊ 5. जयपुर

© 2026 www.apnigovt.com